PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, रविवार 05 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## UP News: यूपी में 47 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका
## बिना बताए बढ़ा दिया गया लोड, सब्सिडी से हुए बाहर

यूपी में 47 लाख उपभोक्ताओं का भार बढ़ाने का मामला सामने आया है। बिना सूचना भार बढ़ने से 25 फीसदी गरीब उपभोक्ता सब्सिडी से बाहर हो गए। गरीब उपभोक्ताओं को हर माह 165 और शहरी को 435 रुपये अधिक भुगतान करना होगा। उत्तर प्रदेश में पॉवर कॉर्पोरेशन की ओर से बिना सूचना दिए लगभग 47 लाख बिजली उपभोक्ताओं का स्वीकृत भार बढ़ा देने से करीब 25 फीसदी गरीब उपभोक्ता सब्सिडी योजना से बाहर हो गए हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पर आपत्ति जताई है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।बढ़ाए गए भार वाले उपभोक्ताओं में करीब 50 फीसदी स्मार्ट मीटर धारक हैं। इनमें से करीब 25 फीसदी ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्हें रियायती दरों पर बिजली मिलती थी। लेकिन भार बढ़ा देने से इन गरीब उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी स्वतः समाप्त हो गई है। ऐसे में ग्रामीण इलाके के गरीबी रेखा के नीचे वाले उपभोक्ताओं पर प्रतिमाह औसतन 165 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वहीं, शहरी गरीब उपभोक्ताओं को प्रतिमाह लगभग 435 रुपये अधिक चुकाने होंगे।



### बिना सूचना दिए स्वीकृत भार बढ़ाना सिद्धांतों के विरुद्ध

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह कदम विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेश के विपरीत है। टैरिफ आदेश में साफ है कि उपभोक्ताओं का तीन माह तक अधिक भार होने पर उसे सूचना दी जाएगी। इसके बाद उपभोक्ताओं को संदेश भेजकर यह बताना होगा कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने स्वीकृत लोड से अधिक भार का उपयोग किया।ऐसे में स्वीकृत लोड एक किलोवाट को बढ़ाकर दो किलोवाट किया जा रहा है। बिना सूचना दिए स्वीकृत भार बढ़ाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। वर्मा ने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने भविष्य में टैरिफ आदेश और नियामकीय प्रावधानों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने की भी मांग।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

वर्मा ने बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने लोकसभा में लिखित जवाब दिया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद विद्युत उपभोक्ताओं से अधिकतम मांग जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। इसके बाद भी प्रदेश में यह वसूला जा रहा है। जुर्माना लेने के साथ ही उनका स्वीकृत भार भी बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ रही है।

### 1.70 लाख है बीपीएल उपभोक्ता

प्रदेश में करीब 1.70 लाख बीपीएल उपभोक्ता हैं। एक किलोवाट पर 50 रुपया फिक्स्ड चार्ज है। इन्हें करीब 300 रुपये का भुगतान करना होता है। अब जिन उपभोक्ताओं का भार बढ़ाकर दो किलोवाट कर दिया गया है तो उनका 180 रुपया फिक्स्ड चार्ज के साथ अधिक ऊर्जा शुल्क देना पड़ेगा। ऐसे में ग्रामीण उपभोक्ता को करीब 165 प्रतिमाह का अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा।

## अयोध्या: अनुकल्प हो सकता है चढ़ावा चोरी का मास्टर माइंड,
## भाईयों और मित्रों तक ऐसी पहुंचाई गई चोरी की रकम

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कुछ और खुलासे हुए हैं। अब तक की जांच में एक बात और सामने आ रही है कि चोरी की काफी रकम बाहर भेज दी गई है।राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच अब अनुकल्प मिश्रा की आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित हो गई है। सूत्रों के मुताबिक जांच में अब तक मिले तथ्यों के आधार पर अनुकल्प को चढ़ावा चोरी मामले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। उसकी संपत्तियों, खर्च और लेनदेन की जांच तेज की गई है।राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच अब अनुकल्प मिश्रा की आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित हो गई है। सूत्रों के मुताबिक जांच में अब तक मिले तथ्यों के आधार पर अनुकल्प को चढ़ावा चोरी मामले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। उसकी संपत्तियों, खर्च और लेनदेन की जांच तेज की गई है।सूत्रों के अनुसार मूलरूप से इनायतनगर क्षेत्र निवासी अनुकल्प मिश्रा वर्ष 2021-22 से मंदिर व्यवस्था से जुड़ा था। बीच में कुछ समय तक उसने काम छोड़ा और करीब दो वर्ष पहले फिर से जुड़ गया। जांच में उसके पास दो कार होने की जानकारी मिली है, जिनमें एक नई कार पिछले वर्ष खरीदी गई थी। इसमें गत वर्ष खरीदी गई कार की फोटो उसने सोशल मीडिया पर भी साझा किया था। वहीं, अनुकल्प के घर आयोजित कथा में महिलाओं को वितरित करने के लिए खरीदी गई साड़ी भी जांच में शामिल है। सूत्रों के अनुसार अनुकल्प ने इसे कुमारगंज के एक व्यापारी से खरीदी थीं। इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है कि खरीद का भुगतान किस स्रोत से किया गया।

### अभिषेक ने भाई से पूछा था पैसों का स्रोत

सूत्रों के अनुसार आरोपी अविनाश शुक्ला के भाई अभिषेक ने एक बार अनुकल्प से पैसों के स्रोत के बारे में सवाल किया था। बताया जाता है कि अनुकल्प ने उस समय गोलमोल जवाब दिया और इस विषय में आगे बात न करने की चेतावनी भी दी थी।




### अनुकल्प के पिता से भी हुई पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने शुक्रवार को ही अनुकल्प के पिता से भी पूछताछ की है। इस दौरान परिवार से जुड़े दस्तावेज और अन्य जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। जांच एजेंसियां अब आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों, वाहन खरीद, महंगे सामान और अन्य वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड जुटा रही हैं।

### 9 लाख का और खुलासा, भाइयों-मित्रों तक अविनाश ने पहुंचाई रकम

राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपी अविनाश शुक्ला ने 19 लाख रुपये का और खुलासा किया है। सूत्रों के अनुसार इस रकम का बड़ा हिस्सा परिजनों, मित्रों और खरीदारी पर खर्च किया गया है। अब पुलिस अलग-अलग लोगों तक पहुंची इस रकम की रिकवरी की प्रक्रिया में जुट गई है।राम मंदिर की दान पेटिकाओं से चढ़ावा चोरी के मामले के आरोपी अविनाश शुक्ला को पुलिस ने 13 घंटे की कस्टडी रिमांड पर बाहर निकाला था। इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में उससे लंबी पूछताछ हुई। इस दौरान उसने लगभग 19 लाख रुपयों का और खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक अविनाश ने अपने एक भाई की शादी के दौरान करीब छह लाख रुपये दिए थे।राम मंदिर की दान पेटिकाओं से चढ़ावा चोरी के मामले के आरोपी अविनाश शुक्ला को पुलिस ने 13 घंटे की कस्टडी रिमांड पर बाहर निकाला था। इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में उससे लंबी पूछताछ हुई। इस दौरान उसने लगभग 19 लाख रुपयों का और खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक अविनाश ने अपने एक भाई की शादी के दौरान करीब छह लाख रुपये दिए थेएक अन्य भाई को भी पांच से छह लाख रुपये देने की जानकारी मिली है। करीब साढ़े तीन लाख रुपये की एक कार खरीदी थी, जिसे पुलिस शुक्रवार को ही बरामद कर चुकी है। इसके अलावा एक मित्र को भी करीब ढाई लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसी मित्र को महंगी मोबाइल फोन गिफ्ट करने की जानकारी भी मिली है।

## UP: हत्या के बाद खून साफ किया, छत से गिरने की कहानी गढ़ी,
## मां भी छिपाती रही; भाई ने इसलिए किया बहन का कत्ल

यूपी के मेरठ जिले में शादी से इन्कार और प्रेम-प्रसंग के शक में बहन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोते समय छोटे भाई ने सिर में गोली मारी। इसके बाद छत से गिरने की बात कहकर परिजन अस्पताल ले गए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही परिजनों पर भी केस दर्ज कर लिया है।मेरठ के लोहियानगर थाना इलाके की जाकिर कॉलोनी में शनिवार की सुबह अफशा (21) की उसके छोटे भाई आरिश (20) ने सोते समय सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। हादसा साबित करने के लिए परिजनों ने खून से लथपथ अफशा को अस्पताल पहुंचाया और बताया कि वह छत से गिर गई है। सिर में गोली लगने का पता चलने पर चिकित्सक ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरिश को गिरफ्तार करके उसकी मां कासिफा और अन्य परिजनों पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, शादी से इन्कार और युवक से प्रेम संबंध को लेकर परिजन अफशा से नाराज थे। मक्का मस्जिद के पास रहने वाले नूर मोहम्मद के परिवार में चार बेटे आरिश, कैफ, अब्दुल उर्फ अदू और जुनैद हैं। नूर का 12 वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार मच्छरदानी बनाने व बेचने का काम करता है। कैफ इन दिनों ओडिशा जमात में गया हुआ है।



सूचना मिलते ही एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले, सीओ कोतवाली संग्राम सिंह और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी आरिश को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है।



जांच में सामने आया कि परिवार अफशा की शादी करना चाहता था। लड़का देख लिया था लेकिन अफशा ने शादी से इन्कार कर दिया था। वह मोबाइल पर किसी युवक से बात करती थी। परिजनों को शक था कि उसका किसी से प्रेम-प्रसंग है इसीलिए शादी से मना कर रही है।



अफशा चारों भाइयों में इकलौती और सबसे बड़ी बहन थी। शनिवार की सुबह करीब सवा छह बजे मां कासिफा और तीन भाई आरिश, अब्दुल व जुनैद अफशा को लेकर अस्पताल पहुंचे और बताया कि छत से गिरकर घायल हुई है। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया और सिर में गोली लगने की सूचना पुलिस को दे दी।




## US-Iran: खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच ट्रंप की नई चेतावनी,
## क्या बातचीत करेगा अमेरिका या फिर बढ़ेगा टकराव?

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि वह ईरान के बचे हुए शीर्ष नेतृत्व को एक ही हमले में खत्म कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि फिर बातचीत करने वाला कोई नहीं बचेगा। ट्रंप के इस बयान से सवाल उठ रहा है कि क्या दोनों देशों के बीच समझौता होगा या मध्य पूर्व में फिर तनाव बढ़ेगा?ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक और बड़ा बयान दिया। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका चाहे तो ईरान के बचे हुए शीर्ष नेतृत्व को एक ही हमले में खत्म कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं किया जाएगा, क्योंकि फिर बातचीत करने के लिए कोई नहीं बचेगा।

### क्या बोले ट्रंप और बातचीत को लेकर क्या कहा?

ट्रंप ने कहा कि ईरान के सभी बड़े नेता एक जगह मौजूद हैं और अमेरिका चाहे तो एक ही हमले में उन्हें निशाना बना सकता है। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा, क्योंकि उसके बाद समझौते या बातचीत का रास्ता बंद हो जाएगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान समझौता करना चाहता है और दोनों पक्षों ने खामेनेई के अंतिम संस्कार की




प्रक्रिया पूरी होने तक एक सप्ताह के लिए बातचीत और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनाई है। उनके मुताबिक इस दौरान कोई भी पक्ष एक-दूसरे पर हमला नहीं करेगा।

### खामेनेई के अंतिम संस्कार में क्या हो रहा है?

अली खामेनेई 36 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च नेता रहे। उनकी मौत 28 फरवरी को उस समय हुई थी, जब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले शुरू किए थे और इसके बाद मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ गया था। युद्ध की स्थिति के कारण अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सामान्य इस्लामी परंपरा के अनुसार तुरंत नहीं हो सकी। ईरान ने 4 जुलाई से अंतिम संस्कार की रस्में शुरू कीं। कार्यक्रम में 7 जुलाई को क़ोम में धार्मिक आयोजन होंगे और 9 जुलाई को उनके पैतृक शहर मशहद में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अंतिम विदाई में लाखों लोग सड़कों पर जुट रहे हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे अधिक देखी जा रही घटनाओं में शामिल हो गई है।

### अंतिम विदाई पर ट्रंप ने क्या प्रतिक्रिया दी?

अंतिम संस्कार के दौरान ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची भावुक दिखाई दिए और उनकी आंखों में आंसू भी नजर आए। इस पर ट्रंप ने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें लगा था कि ईरान की जनता खामेनेई से नफरत करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हो सकता है कि ये आंसू असली नहीं बल्कि दिखावे के हों। ट्रंप ने इससे पहले भी कहा था कि अमेरिका ने ईरान को अंतिम संस्कार के लिए एक सप्ताह का समय दिया है और अब वह समझौते की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।

### क्या खामेनेई का बेटा अंतिम संस्कार में शामिल होगा?

अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने को लेकर भी चर्चा तेज है। सुरक्षा कारणों से उनके सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि इस्राइल की ओर से संभावित खतरे और निगरानी की आशंका को देखते हुए उनकी मौजूदगी जोखिम भरी मानी जा रही है। ऐसे में अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रखी गई है। अब पूरी दुनिया की नजर इस बात पर है कि अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत आगे बढ़ती है

# Himachal Rain News: नीलकंठ झील यात्रा बंद, ब्यास में राफ्टिंग पर रोक; शिमला, कांगड़ा और सिरमौर में येलो अलर्ट



हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के बीच लाहौल घाटी में चोखंग नाले के उफान ने मूरिंग-नैनगार सड़क का करीब 200 मीटर हिस्सा बहा दिया है, जिससे प्रसिद्ध नीलकंठ झील की यात्रा पूरी तरह ठप हो गई है। कुल्लू में ब्यास नदी में राफ्टिंग पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। कई जिलों में सड़कें, पेयजल योजनाएं और संपर्क मार्ग प्रभावित हुए हैं। राज्य में मानसून के शुरुआती चार दिनों में सामान्य से 86 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है।हिमाचल प्रदेश में येलो अलर्ट के बीच लाहौल घाटी में उफनाए चोखंग नाले ने मूरिंग-नैनगार सड़क का करीब 200 मीटर हिस्सा बहा दिया, जिससे प्रसिद्ध नीलकंठ झील की यात्रा पर ब्रेक लग गया है। सड़क ध्वस्त होने के बाद श्रद्धालुओं, ट्रैकरों और पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। पालमपुर में न्यूगल खड्ड का जलस्तर बढ़ने से पंजाब के दो बच्चों समेत सात पर्यटक दूसरी ओर फंस गए। दमकल विभाग की टीम ने सभी को सुरक्षित रेस्क्यू किया। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और हमीरपुर में बारिश दर्ज की गई। राजधानी शिमला और धर्मशाला में दिनभर बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर झमाझम बारिश का दौर चलता रहा।



चार दिन में सामान्य से 86 फीसदी अधिक बारिश: इस मानसून सीजन में 1 से 4 जुलाई तक राज्य में सामान्य से 86 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 20.5 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 38.2 मिलीमीटर बारिश हुई। चंबा में सामान्य से 154, हमीरपुर में सा0045, कांगड़ा 73, किन्नौर 3733, कुल्लू 267, मंडी 19, शिमला 112, सिरमौर 87, सोलन 179 व ऊना में 61 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई। लाहौल-स्पीति जिले में सामान्य से 37 फीसदी और बिलासपुर में दो फीसदी कम बारिश हुई है।

दूसरी ओर मैदानी जिलों में बढ़ी उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। रामपुर खंड के दुर्गम क्षेत्र 15/20 में गानवी खड्ड में वाहनों को पार करने के लिए आरसीसी पाइप से बनाया गया अस्थायी पुल बह गया। इससे पंचायत गानवीं, कूट, क्याव का संपर्क कट गया है। पर्यटन विभाग कुल्लू ने ब्यास में राफ्टिंग गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगा दी है। चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर रखालू मंदिर के समीप भूस्खलन ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया।



पहाड़ी से गिरी विशाल चट्टानों ने सड़क को बंद कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोक निर्माण विभाग की टीम ने शाम साढ़े चार बजे मार्ग को बहाल किया। न्याग्रां-बजोल-गरोंदा सड़क भी करीब पांच घंटे तक बंद रही। बारिश के कारण जलशक्ति विभाग की तीसा और भटियात उपमंडलों की 12 पेयजल योजनाएं प्रभावित होने से कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। चुराह उपमंडल की कल्हेल-बंजली-रैला सड़क पर थलान के कुठलु स्थान पर लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा के लिए डंगा तैयार किया था, लेकिन निर्माण के कुछ घंटों बाद ही देर रात यह ढांचा ध्वस्त हो गया।



आज भी शिमला, कांगड़ा और सिरमौर में येलो अलर्ट: मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 10 जुलाई तक मौसम खराब बना रहेगा। रविवार को शिमला, कांगड़ा और सिरमौर में बारिश का येलो अलर्ट जारी हुआ है। अन्य जिलों में बूंदांबादी के आसार हैं। 6 और 7 जुलाई को कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट है।

# यूपी में एक और पति का कत्ल

## नींद की गोलियां देकर मारा, बाथरूम में गाड़ दी लाश, ऊपर रोज नहाती थी वो; पूरी कहानी

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां महिला ने पति की हत्या कर शव को बाथरूम में दफना दिया। उसके ऊपर से मिट्टी डालकर फर्श करा दिया। पति के शराब पीकर झगड़ा करने से तंग आकर महिला ने खीर में नींद की गोलियां मिलाई थीं। हत्याकांड का डेढ़ माह बाद खुलासा हुआ है।आगरा के सिकंदरा के दहतोरा में महिला ने शराब पीकर झगड़ा करने से तंग आकर पति सुरेंद्र (44) की हत्या कर दी। इसके बाद शव बाथरूम में दफना दिया और मिस्त्री को बुलाकर फर्श बनवा दिया। पुलिस के अनुसार, खीर में 20 से अधिक नींद की गोलियां मिलाकर हत्या की गई। हत्या के डेढ़ माह बाद पुलिस बुधवार को एक पुराने मामले में सत्यापन के लिए सुरेंद्र के घर पहुंची तो पत्नी रूबी घबरा गई। शुक्रवार को उसने अपने जेठ अनिल को बुलाया और घटना की जानकारी दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फर्श खोदकर सुरेंद्र का कंकाल बरामद करते हुए रूबी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की पूछताछ में अनिल ने बताया कि छोटा भाई सुरेंद्र कुछ काम नहीं करता था। रोज शराब पीने के कारण आए दिन पत्नी से उसका झगड़ा होता रहता था। 18 मई को रूबी ने फोन कर बुलाया और कहा कि पुलिस दबिश दे रही है, इसलिए मां और बच्चियों को अपने घर ले जाओ। घर पहुंचकर मां और भतीजियों को अपने घर ले आए। दूसरे दिन रूबी भी आ गई। बताया कि सुरेंद्र तीन हजार रुपये लेकर कहीं चले गए हैं। मोबाइल भी घर छोड़कर गए हैं। उन्हें उसकी बातों पर शक हुआ।




इसके बाद रूबी ने 26 मई को प्राची टावर चौकी पर जेठ के साथ पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस तलाश के लिए रेणुका धाम कॉलोनी भी पहुंची। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। पुलिस के आने पर रूबी रोने लगती थी। एक सप्ताह पहले अनिल के कहने पर रूबी अपने घर आ गई थी।



2017 में सुरेंद्र के खिलाफ ट्रक चोरी का मामला दर्ज हुआ था। बुधवार को पुलिस इस मामले में रूबी के घर सत्यापन के लिए पहुंची थी। सुरेंद्र के बारे में पूछने पर पत्नी ने लापता होने की जानकारी दी तो पुलिसकर्मियों ने रूबी के फोटो खींच लिए। इससे रूबी घबरा गई। उसे लगा कि पुलिस से किसी ने शिकायत कर दी है। शुक्रवार को उसने जेठ को फोन करके घर बुलाया और बताया कि पति को मारकर शव बाथरूम में दफना दिया है। इसके बाद अनिल ने पुलिस को सूचना दी।





### पुलिस से बोली-पति ने कर ली थी आत्महत्या

आरोपी रूबी को जब पुलिस ने गिरफ्तार किया तो वह बार-बार बयान बदलने लगी। पहले उसने नींद की गोली देने की बात कही। फिर कहा कि पति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घबराकर उसने शव को दफना दिया।कहा कि बाथरूम का फर्श कमरे के फर्श से दो से तीन फीट नीचे था, इसलिए शव को उसमें डाल दिया। इसके बाद मिट्टी लाकर डाल दी और मिस्त्री बुलाकर फर्श पक्की करवा दी। इससे किसी को शक नहीं हुआ।

वह घर में भी आराम से रह रही थी। हालांकि, पुलिस को शक है कि घटना में कोई और भी शामिल हो सकता है। एक अकेला व्यक्ति इस पूरी घटना को अंजाम नहीं दे सकता। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाथरूम का फर्श खोदकर कंकाल बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली। आरोपी रूबी से पूछताछ की जा रही है।

### 24 साल पहले भरतपुर से आगरा आया था परिवार

पुलिस के अनुसार, मूलरूप से भरतपुर के रंजीत नगर निवासी राधेश्याम शर्मा एक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत थे। 24 साल पहले सेवानिवृत्त होने के बाद आगरा आ गए थे। सिकंदरा के दहतोरा स्थित रेणुका धाम कॉलोनी में रहने लगे। 14 साल पहले उनकी मौत हो गई थी।

# 'कॉकरोच' को मिला किसानों का साथ: आज जंतर मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होगा संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल




एसकेएम अपने बयान में कहा कि छात्र और युवा भी किसानों के ही बच्चे हैं और वे ही भारत का भविष्य हैं। संयुक्त किसान मोर्चा का यह दृढ़ विश्वास है कि युवाओं का संघर्ष ही किसानों का संघर्ष है। ऐसे में युवाओं के भविष्य और न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ा होना हमारा नैतिक कर्तव्य है।परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के धरने को अब देश के सबसे बड़े किसान संगठन का समर्थन मिल गया है। वर्ष 2020-21 में केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन की अगुवाई करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने इस आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। एसकेएम ने एलान किया है कि उसका एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचकर इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होगा।

### किसान हर छात्र और युवा के साथ

सीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत दिपके को लिखे एक पत्र में संयुक्त किसान मोर्चा ने स्पष्ट किया कि वे इस शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक आंदोलन के साथ 'पूरी एकजुटता' के साथ खड़े हैं। किसान संगठन ने कहा कि देश के छात्र, युवा और उनके परिवार जो अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, किसान उनके साथ हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार, रविवार सुबह 11 बजे किसानों का यह प्रतिनिधिमंडल प्रदर्शन स्थल पर पहुंचेगा। यह दौरा प्रदर्शनकारी छात्रों और लद्दाख के जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में होगा, जो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

### किसानों के बच्चे ही हैं देश का भविष्य'

संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए 'क्रोनिक पेपर लीक और परीक्षा कुप्रबंधन' से प्रभावित हुए लाखों छात्रों और उनके परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की है। संगठन ने अपने पत्र में साफ कहा कि हर छात्र को एक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय शिक्षा व परीक्षा प्रणाली का अधिकार है और इसमें जवाबदेही तय करना पूरी तरह से सरकार की जिम्मेदारी है।

### एसकेएम ने की थी निंदा

एसकेएम ने याद दिलाया कि आगामी आंदोलन से पहले, 17 जून को उनकी राष्ट्रीय परिषद ने बकायदा एक प्रस्ताव पारित कर शिक्षा क्षेत्र में फैले कथित 'घोटाला तंत्र' का विरोध किया था और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया था। इसके साथ ही किसान संगठन ने सीजेपी के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगाए गए प्रतिबंध की भी कड़े शब्दों में निंदा की है।

### छात्र व युवा किसानों के ही बच्चे

एसकेएम अपने बयान में कहा कि छात्र और युवा भी किसानों के ही बच्चे हैं और वे ही भारत का भविष्य हैं। संयुक्त किसान मोर्चा का यह दृढ़ विश्वास है कि युवाओं का संघर्ष ही किसानों का संघर्ष है। ऐसे में युवाओं के भविष्य और न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ा होना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

### एसकेएम ने लोगों से की जंतर मंतर आने की अपील

मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि रविवार को उनके प्रतिनिधिमंडल के जंतर-मंतर पहुंचने से इस लोकतांत्रिक आंदोलन को और मजबूती मिलेगी, जिससे सरकार को सार्थक बातचीत करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे जैसी जरूरी कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसके साथ ही एसकेएम ने देश के आम नागरिकों, मजदूरों और किसानों से भी अपील की है कि वे बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पहुंचकर छात्रों की इस न्यायसंगत मांग को अपना समर्थन दें।

### एसकेएम ने लोगों से की जंतर मंतर आने की अपील

मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि रविवार को उनके प्रतिनिधिमंडल के जंतर-मंतर पहुंचने से इस लोकतांत्रिक आंदोलन को और मजबूती मिलेगी, जिससे सरकार को सार्थक बातचीत करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे जैसी जरूरी कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसके साथ ही एसकेएम ने देश के आम नागरिकों, मजदूरों और किसानों से भी अपील की है कि वे बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पहुंचकर छात्रों की इस न्यायसंगत मांग को अपना समर्थन दें।

# यूपी में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का मर्डर: चेहरा, गर्दन, छाती-हाथ पर वार, पति ने इसलिए मार डाला; इनसाइड स्टोरी




यूपी के मेरठ में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर निशा चौहान की हत्या का मामला सामने आया है। निशा को पति ने चाकू से गोदकर मार डाला। बीच-बचाव में निशा का बेटा भी घायल हो गया। पति ने खुद को भी चाकू मारकर जान देने की कोशिश की। निशा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 25000 फॉलोअर हैं।मेरठ के सरूरपुर के कस्बा हर्रा में शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और ब्यूटी पार्लर संचालिका निशा चौहान की उनके पति प्रदीप चौहान ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।



बीच-बचाव में आया 17 वर्षीय बेटा देव भी चाकू लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद प्रदीप ने खुद को भी चाकू मारकर जान देने की कोशिश की।उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने निशा के भाई अंकित की तहरीर पर प्रदीप चौहान, उसके चचेरे भाई विकास और मामा के बेटे राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्लॉट के बैनामे और गली में गेट लगाने को लेकर विवाद हुआ था।

इन्फ्लुएंसर निशा का पड़ोस में रहने वाले प्रदीप के चचेरे भाई विकास से गली के रास्ते पर गेट निकलवाने को लेकर विवाद चल रहा था। उसने कई बार एसडीएम और सीओ से इसकी शिकायत की। कई बार वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया लेकिन समाधान नहीं निकला



आरोप है कि बृहस्पतिवार रात विकास ने अपने मामा के बेटे राहुल के साथ मिलकर अपने घर का तीसरा गेट निशा के ब्यूटी पार्लर के सामने लगवा दिया। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे जब निशा ने नया गेट देखा तो उसका वीडियो बना लिया। तहरीर के अनुसार इसके बाद विकास और राहुल ने प्रदीप को उकसा दिया। इस पर पति-पत्नी के बीच प्लॉट के बैनामे और गेट विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी।



आरोप है कि इसी दौरान प्रदीप ने आपा खो दिया। वह किचन से चाकू लेकर दौड़ा और निशा को जमीन पर गिराकर उसके चेहरे, गर्दन, छाती व हाथ पर लगभग 10 वार कर दिए। आरोप है कि प्रदीप निशा के शरीर पर उसकी मौत होने तक वार करता रहा। बचाव में आए दंपती के 17 वर्षीय बेटे देव के हाथ में भी चाकू लग गया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# Adani Group Hospital: पश्चिम बंगाल में अदाणी समूह बनाएगा 2000 बेड का अस्पताल, गरीब मरीजों के लिए क्या?

पश्चिम बंगाल सरकार ने दावा किया है कि अडाणी समूह न्यू टाउन में 2000 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाएगा। इसमें 1000 बेड गरीब मरीजों के लिए मुफ्त होंगे, जबकि बाकी व्यावसायिक सेवाओं के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। इस घोषणा से राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद बढ़ी है। लेकिन यह अस्पताल कब बनेगा, इसमें कितना निवेश होगा और लोगों को इसका फायदा कब से मिलने लगेगापश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी घोषणा की है। सरकार के मुताबिक, अदाणी समूह न्यू टाउन में 2000 बेड का आधुनिक अस्पताल स्थापित करेगा। इस अस्पताल की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इसमें आधे यानी 1000 बेड गरीब मरीजों के लिए मुफ्त इलाज के लिए आरक्षित रहेंगे। सरकार का कहना है कि इससे राज्य के लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।




पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और कारोबारियों के साथ बातचीत के दौरान इस परियोजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह ने सरकार को लिखित रूप से 2000 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाने की प्रतिबद्धता दी है। उनके अनुसार, अस्पताल के 1000 बेड आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुफ्त इलाज के लिए रखे जाएंगे, जबकि बाकी 1000 बेड व्यावसायिक संचालन के तहत इस्तेमाल होंगे। सरकार का मानना है कि इससे गरीब और सामान्य दोनों वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।अस्पताल के 1000 बेड आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुफ्त इलाज के लिए रखे जाएंगे, जबकि बाकी 1000 बेड व्यावसायिक संचालन के तहत इस्तेमाल होंगे। सरकार का मानना है कि इससे गरीब और सामान्य दोनों वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

**क्या होगा इस अस्पताल की सबसे बड़ी खासियत?**

सरकार के अनुसार, यह अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें गरीब मरीजों के लिए 1,000 बेड पूरी तरह आरक्षित रहेंगे, ताकि आर्थिक तंगी के कारण किसी जरूरतमंद को इलाज से वंचित न होना पड़े। वहीं, दूसरे 1,000 बेड सामान्य और व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं के लिए होंगे। इस मॉडल के जरिए अस्पताल में सामाजिक सेवा और व्यावसायिक संचालन दोनों को साथ लेकर चलने की योजना बनाई गई है।

**क्या सरकार ने निवेश और समयसीमा की जानकारी दी है?**

फिलहाल सरकार की ओर से इस परियोजना की लागत, कुल निवेश, निर्माण कब शुरू होगा और अस्पताल कब तक तैयार होगा, इसकी कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। अधिकारियों ने केवल इतना बताया कि अदाणी समूह ने अस्पताल बनाने की लिखित प्रतिबद्धता दी है। इसलिए परियोजना की विस्तृत रूपरेखा और समयसीमा का इंतजार किया जा रहा है।

**क्या इस घोषणा से स्वास्थ्य क्षेत्र को मिलेगा बड़ा सहारा?**

राज्य सरकार का मानना है कि न्यू टाउन में प्रस्तावित यह अस्पताल स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यदि योजना तय समय पर पूरी होती है तो बड़ी संख्या में लोगों को आधुनिक इलाज की सुविधा मिलेगी। खासकर गरीब मरीजों के लिए 1000 मुफ्त बेड उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, परियोजना की वास्तविक प्रगति, निवेश और निर्माण कार्यक्रम की स्पष्ट तस्वीर आने वाले समय में ही सामने आएगी।

# Delhi Rain: बरसात की पहली परीक्षा में फेल हुए सरकारी इंतजाम, लक्ष्मी नगर से अक्षरधाम तक पानी ही पानी; जाम

चंद घंटों की बारिश में ही लक्ष्मी नगर, अक्षरधाम और प्रीत विहार समेत कई इलाके जलमग्न हो गए। इस कारण शहर में जगह-जगह जाम लगने के कारण वाहनों की रफ्तार थम सी गई।



राजधानी में शनिवार को हुई कुछ घंटों की बारिश ने एक बार फिर बरसाती तैयारियों की पोल खोल दी। लक्ष्मी नगर, अक्षरधाम, प्रीत विहार, निर्माण विहार, मदर डेयरी रोड, राम विहार और आसपास के कई इलाके जलभराव की चपेट में आ गए, जिससे विकास मार्ग, लोनी रोड और सराय काले खां समेत कई प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। जलभराव के कारण नौकरीपेशा लोगों, स्कूली बच्चों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि कई दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए।दिनभर बादल छाए रहने से तेज धूप से राहत जरूर मिली, लेकिन बढ़ी उमस ने लोगों को बेहाल रखा। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूसा में 23.5 मिमी और जनकपुरी में 9.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि शहर के औसत स्तर पर 0.01 मिमी बारिश दर्ज हुई। अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रहा। स्थानीय लोगों ने जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल उठाए। लक्ष्मी नगर निवासी सुमित कुमार ने कहा कि थोड़ी-सी बारिश में भी इलाके में जलभराव और विकास मार्ग पर जाम लगना आम बात हो गई है। वहीं, शास्त्री पार्क निवासी अनस खान का कहना है कि हाल ही में सीवर की सफाई के बावजूद बारिश के बाद गाद दोबारा सीवर में भर गई, जिससे निकासी व्यवस्था प्रभावित हो गई।

मौसम विभाग ने 5 से 10 जुलाई के बीच दिल्ली में आमतौर पर बादल छाए रहने, रुक-रुक कर बारिश, गरज-चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। कुछ समय के लिए हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

**10 जुलाई तक बारिश के आसार**

पूर्वानुमान के अनुसार 7 जुलाई को भी बादल छाए रहेंगे तथा सुबह और दोपहर के समय हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना बनी रहेगी। 8 और 9 जुलाई को भी मौसम का मिजाज लगभग इसी तरह रहेगा और रुक-रुक कर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, 10 जुलाई को एक बार फिर हल्की बारिश और गरज-चमक के आसार हैं। पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

**10 मिनट की बारिश ने अस्पताल की खोली पोल**

राजधानी के कुछ इलाकों में शनिवार को करीब 10 मिनट की बारिश ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। अस्पताल के गलियारों और वार्डों के बाहर पानी भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों और कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। अस्पताल में जलभराव का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया है। इस बारे में अस्पताल प्रशासन का कहना है कि है कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर पानी की निकासी कराई गई।

**सीवर में गाद, ड्रेनेज सिस्टम चोक**

शास्त्री पार्क, सीलमपुर और जाफराबाद जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में सड़कों के किनारे पड़ी मिट्टी और गाद बारिश के तेज बहाव के साथ बहकर सीवर लाइनों में जमा हो गई। नतीजा सीवर पूरी तरह चोक हो गए और पानी की निकासी रुक गई। सड़कों पर जमा गंदा पानी लोगों की दुकानों के मुहाने तक पहुंच गया, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी हुई। जलभराव की स्थिति को देखते हुए दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड की टीमें हरकत में आईं। शास्त्री पार्क में पीडब्ल्यूडी की हैवी पंप पानी निकालते हुए दिखाई दिए।

# एक पंक्चर और खत्म हो गई 2 जिंदगी: अधूरी रह गई माता के दरबार में जाने की कामना, 6 महीने से जिद कर रहे थे अमरदीप




माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रहे मुरादनगर के एक सराफ समेत दो लोगों की अंबाला हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शुक्रवार देर रात खन्ना कस्बे के पास उस समय हुआ, जब पंक्चर हुई कार का पहिया बदला जा रहा था। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी।पिछले छह महीने से अमरदीप कह रहा था कि पापा इस बार माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जरूर चलेंगे। आखिरकार कार्यक्रम बना भी लेकिन वह माता के दरबार तक पहुंचने से पहले ही दुनिया छोड़ गया। गाजियाबाद के मुरादनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी अमरदीप वर्मा की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों की जुबां पर यही दर्द बार-बार छलक रहा है। घर में हर कोई इस बात को याद कर बिलख रहा है कि जिस यात्रा का परिवार लंबे समय से इंतजार कर रहा था, वही यात्रा सबसे बड़ा दुख बन गई। परिजन और सराफा व्यापारी अजय वर्मा ने बताया कि अमरदीप पिछले करीब छह महीने से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाने की बात कर रहा था। व्यस्तता के कारण हर बार कार्यक्रम टल जाता था। इस बार जब सभी की सहमति बनी तो शुक्रवार रात पूरा परिवार दो कारों से दर्शन के लिए रवाना हुआ।किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। अंबाला हाईवे पर कार पंक्चर होने के बाद अमरदीप अपने दोस्त विक्की जाटव के साथ पहिया बदलवा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अमरदीप और विक्की की मौत हो गई, जबकि दस वर्षीय आरव गंभीर रूप से घायल हो गया। घर में अब यात्रा की तैयारियों की जगह मातम पसरा है। जिन हाथों में माता के प्रसाद और चुनरी चढ़ाने का उत्साह था, उन्हीं हाथों ने अब बेटे की अर्थी को कंधा देने की तैयारी की।हर आने-जाने वाले की जुबां पर एक ही बात है-माता ने बुलावा तो दिया लेकिन अपने दरबार तक पहुंचने से पहले ही उसे अपने चरणों में बुला लिया। पड़ोसियों का कहना है कि अमरदीप मिलनसार और धार्मिक स्वभाव का युवक था। उसकी असमय मौत ने पूरे मोहल्ले को गहरे सदमे में डाल दिया है। जीतपुर कॉलोनी में हर घर में शोक का माहौल है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

# Interview: दिल्ली के सरकारी स्कूलों में होगी 10 हजार शिक्षकों की भर्ती, पूरी व्यवस्था में बदलाव की कवायद

विशेष बातचीत में उन्होंने शिक्षा, मिशन कायाकल्प, यमुना की सफाई, कूड़े के पहाड़, स्वास्थ्य सेवाओं, ड्रेनेज मास्टर प्लान, प्रदूषण नियंत्रण और सरकार की कार्यशैली सहित कई अहम मुद्दों पर विस्तार से बात की।दिल्ली सरकार सरकारी स्कूलों में वर्षों से चली आ रही शिक्षकों की कमी दूर करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि करीब 10 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अगले एक-दो महीने में इसे पूरा करने का लक्ष्य है।, मिशन कायाकल्प, यमुना की सफाई, कूड़े के पहाड़, स्वास्थ्य सेवाओं, ड्रेनेज मास्टर प्लान, प्रदूषण नियंत्रण और सरकार की कार्यशैली सहित कई अहम मुद्दों पर विस्तार से बात की।

**दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी लंबे समय से बड़ा मुद्दा रही है। आपकी सरकार इसे कैसे दूर करेगी?**

जब हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले जिन गंभीर समस्याओं का आकलन किया गया, उनमें सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और प्रिंसिपलों की भारी कमी प्रमुख थी। वर्षों तक इस समस्या की अनदेखी हुई, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा। हमने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। करीब 10 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और हमारा लक्ष्य अगले एक-दो महीने में इसे पूरा करना है।हमने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। करीब 10 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और हमारा लक्ष्य अगले एक-दो महीने में इसे पूरा करना है।




**आपने मिशन कायाकल्प शुरू किया है। इसके तहत सरकारी स्कूलों में क्या बदलाव किए जा रहे हैं?**

हमारा उद्देश्य है कि सरकारी स्कूल का हर बच्चा बेहतर और सम्मानजनक माहौल में पढ़ाई करे। इसी सोच के साथ मिशन कायाकल्प शुरू किया गया। गर्मी की छुट्टियों के दौरान विभिन्न विभागों ने मिलकर स्कूलों में व्यापक सुधार किए। भवनों की मरम्मत, दीवारों का प्लास्टर, खिड़कियों की मरम्मत, शौचालयों में गेट, साफ-सफाई, वाटर प्यूरीफायर और कई स्कूलों में आकर्षक चित्रकारी जैसे काम किए गए हैं।

**सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के बराबर लाने के लिए आगे क्या योजना है?**

हम केवल छोटे-मोटे सुधार नहीं कर रहे, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव ला रहे हैं। 75 मुख्यमंत्री श्री स्कूलों को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि यहां बच्चों को वही गुणवत्ता मिले, जिसकी अपेक्षा लोग अच्छे निजी स्कूलों से करते हैं। बेहतर भवन, आधुनिक सुविधाएं, प्रशिक्षित शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर एक साथ काम हो रहा है। हमारी कोशिश केवल घोषणाएं करने की नहीं, बल्कि परिणाम देने की है।

**दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ लंबे समय से बड़ी समस्या रहे हैं। सरकार इन्हें खत्म करने के लिए क्या कर रही है?**

हमें कई समस्याएं विरासत में मिली हैं और कूड़े के पहाड़ उनमें प्रमुख हैं। गाजीपुर, भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइटों पर पुराने कचरे को तेजी से हटाया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इस विषय पर चर्चा हुई है। अब लैंडफिल से निकलने वाले इनर्ट मैटेरियल का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में मिट्टी भराई के लिए किया जा रहा है। इससे लैंडफिल की ऊंचाई लगातार घट रही है। हमें विश्वास है कि आने वाले समय में ये कूड़े के पहाड़ इतिहास बन जाएंगे।

**यमुना की सफाई को लेकर आपकी सरकार की क्या रणनीति है?**

यमुना दिल्ली की जीवनरेखा है और इसकी सफाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। दिल्ली में प्रतिदिन करीब 1500 टन गोबर निकलता है, जिसका बड़ा हिस्सा नालों के जरिए यमुना तक पहुंचता रहा है। इसे रोकने के लिए दिल्ली में पहला गोबर गैस प्लांट शुरू किया गया है। आगे और भी ऐसे प्लांट लगाए जाएंगे ताकि गोबर का वैज्ञानिक उपयोग हो और वह यमुना में न पहुंचे। इस अभियान में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

# तलाक हो जाता है तो आप गौरी से शादी से पहले चर्चा में आया आमिर खान का बयान किरण राव को लेकर कही ये बात





Aamir Khan Marriage: आमिर खान की आज तीसरी बार शादी होने वाली है। इस मौके पर हम आपको बता रहे हैं कि उन्होंने किरण राव से तलाक को लेकर क्या कहा था। आमिर खान 5 जुलाई, 2026 को अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी करने वाले हैं। ऐसे में एक्स-वाइफ किरण राव के साथ अपने रिश्ते के बारे में उनके एक पुराने बयान पर फिर से ध्यान गया है। यह थ्रोबैक मोमेंट इसलिए प्रासंगिक लगता है क्योंकि आमिर अक्सर रिश्तों के बारे में बहुत ईमानदारी से बात करते रहे हैं। 2021 में किरण राव से तलाक के बाद, दोनों पर्सनली और प्रोफेशनली करीब रहे। 'लापता लेडीज' पर उनका कोलेबोरेशन इस बात का उदाहरण बन गया कि कैसे एक्स कपल ने कड़वाहट के बजाय इज्जत और दोस्ती को चुना।

तलाक के बाद आमिर खान ने न्यूज 18 के साथ बातचीत में कहा था कि तलाक अपने आप दो लोगों को दुश्मन बना देता है। उन्होंने कहा 'ये किसी डॉक्टर ने कहा है कि तलाक हो जाता है तो आप फौरन दुश्मन हो जाते हैं? ये मेरी खुशनसीबी है कि मेरी जिंदगी में किरण आई और हमारा सफर बहुत ही फुलफिलिंग रहा।' आमिर ने आगे कहा 'हमने साथ में बहुत कुछ बनाया। आगे भी हम साथ में ही हैं। हम इंसान और जज्बाती तौर पर जुड़े हुए हैं और हमेशा रहेंगे।' आमिर का यह बयान उस परिपक्वता को दिखाता है, जिसके साथ आमिर और किरण ने अपने अलगाव को हैंडल किया। आमिर खान और किरण राव ने 2005 में शादी की थी। कपल ने 2011 में अपने बेटे आजाद का स्वागत किया और जुलाई 2021 में अपने अलग होने की घोषणा की। तलाक के बाद भी, वे को-पेरेंट और कोलैबोरेट करते रहे। तलाक के बाद किरण राव ने 'लापता लेडीज' का निर्देशन किया। आमिर खान इसके निर्माता थे। 2024 में यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई। आमिर खान ने हाल ही में जानकारी दी कि उनकी शादी 5 जुलाई को होने वाली है। उन्होंने बताया कि गौरी के साथ शादी एक छोटी सी घरेलू सेरेमनी होगी, जिसमें परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल होंगे।

# Aamir Khan: बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान और अदिति राव हैदरी का है गहरा रिश्ता जानें सबकुछ

Aamir Khan Family Tree: बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान का परिवार काफी बड़ा है। अब जब वह अपने परिवार में एक और सदस्य यानी गौरी स्प्रैट का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं, तो आइए पूरे खान परिवार से मिलते हैं।
बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान और गौरी स्प्रैट आज शादी करने जा रहे हैं। यह आमिर की तीसरी शादी होगी। आमिर का परिवार फिल्म इंडस्ट्री से गहराई से जुड़ा हुआ है। आमिर की दूसरी पत्नी किरण राव के जरिए उनका रिश्ता मशहूर अभिनेत्री अदिती राव हैदरी से जुड़ता है, जानिए कैसे? आमिर खान के पिता मशहूर फिल्म निर्माता ताहिर हुसैन और माता जीनत हुसैन हैं। आमिर के चाचा नासिर हुसैन दिग्गज फिल्म निर्माता और लेखक हैं। इसके अलावा आमिर खान की दो चचेरी बहनें हैं- फरहत खान और निकहत खान। आमिर खान के भाई पूर्व अभिनेता फैसल खान हैं। आमिर खान के चचेरे भाई मशहूर निर्देशक मंसूर खान हैं, जिन्होंने 'कयामत से कयामत तक' और 'जो जीता वही सिकंदर' जैसी फिल्में बनाई हैं। इमरान खान अभिनेता आमिर खान के भांजे हैं। मशहूर अभिनेता इमरान खान, आमिर की कजिन बहन नुजहत खान के बेटे हैं। वहीं जैन मैरी खान अभिनेता आमिर खान की भतीजी हैं।



# आखिरी सांस तक करूंगी एक्टिंग' सर्जरी के बाद सुमोना चक्रवर्ती ने कही ऐसी बात आलोचकों को दिया जवाब



Sumona Chakravarti: सुमोना चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है कि उनकी सर्जरी हुई है। उन्होंने यह भी बताया है कि वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल किस तरह करेंगी। सुमोना चक्रवर्ती ने लंबे समय से एंडोमेट्रियोसिस से जूझने के बाद इसकी सर्जरी कराई है। उन्होंने कहा कि इसे संभालने की कोशिशों के बावजूद यह बीमारी बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया पर दी। उनके मुताबिक उन्होंने लगभग दो महीने तक सोशल मीडिया से ब्रेक लिया था। उन्होंने पिछले कुछ हफ्ते अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने में बिताए।

सुमोना चक्रवर्ती ने कहा कि अब वह ठीक हैं। बल्कि, बहुत अच्छी हैं। उनकी पोस्ट सिर्फ उनकी सेहत के अपडेट तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहने के अपने समय के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें वर्षों से ऑनलाइन किस तरह की प्रतिक्रियाएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि अब वह डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके एक जैसी सोच वाले लोगों, खासकर महिलाओं का एक समुदाय बनाना चाहती हैं। अपनी पोस्ट की शुरुआत हल्के-फुल्के अंदाज में करते हुए चक्रवर्ती ने लिखा 'हेलो! लंबे समय बाद वापस आकर खुशी हो रही है। पिछले दो महीनों से मैं दुनिया-दारी से दूर रही हूं।' उन्होंने कहा उस समय के ज्यादातर हिस्से में वह जान-बूझकर सोशल मीडिया से दूर रही थीं। फिर उन्होंने बताया कि बीमारी के बढ़ जाने की वजह से एंडोमेट्रियोसिस को हटाने के लिए उनकी सर्जरी हुई थी। पिछले दो महीनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक हो रही थीं। चक्रवर्ती ने कहा कि इस ब्रेक ने सोशल मीडिया के बारे में उनके सोचने का नजरिया बदल दिया। लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह प्रैक्टिकल नहीं है।

# Alpha: दूसरे दिन घटी या बढ़ी 'अल्फा' की कमाई? जानिए YRF स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला केंद्रित फिल्म का हाल



Alpha Movie Collection: फिल्म 'अल्फा' ने कल शुक्रवार को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। जानिए आज शनिवार को दूसरे दिन इसने कैसा कलेक्शन किया है? यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई, नाम था- 'एक था टाइगर'। सलमान खान अभिनीत इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके बाद यह सिलसिला चल पड़ा और बीते वर्ष तक इस यूनिवर्स की छह फिल्में रिलीज हो गईं। सातवीं फिल्म 'अल्फा' है, जो कि स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला केंद्रित फिल्म भी है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का क्या हाल है? जानिए

फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। उनके साथ शरवरी वाघ ने भी अहम भूमिका अदा की है। दोनों को फिल्म में जासूस के रूप में देखा गया है। इस फिल्म ने पहले दिन ठीकठाक शुरुआत की है। 'अल्फा' ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।
फिल्म 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है। दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो यह अच्छी स्थिति में दिख रही है। वीकएंड पर दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब होती दिख रही है। पहले दिन के मुकाबले कमाई में इजाफा हुआ है। सैकनिल्क पर प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 'अल्फा' ने आज दूसरे दिन 11.25 रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का दो दिनों का टोटल कलेक्शन 20.50 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म की लागत की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे 100 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया है। बजट की तुलना में 'अल्फा' की कमाई बहुत मजबूत स्थिति में नहीं है। ऊपर से यह यश राज फिल्म्स की चर्चित स्पाई यूनिवर्स फ्रैंचाइजी की फिल्म है, तो उम्मीदें भी बड़ी हैं। मगर, दूसरा पहलू यह भी है कि यह महिला आधारित फिल्म है।

# ‘25 लाख देने की बात’ समय रैना के शो को लेकर सुनील पाल का खुलासा क्या बनेंगे ‘इंडियाज गॉट लेटेंट’ का हिस्सा?

Is Sunil Pal Become Part of India’s Got Latent: समय रैना और सुनील पाल अलग-अलग तरह की कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। सुनील पाल, समय रैना की अभद्र कॉमेडी को पसंद भी नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति के बावजूद भी क्या वह समय रैना के शो ‘इंडियाज गॉट लेटेंट 2’ का हिस्सा बनेंगे? स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना का शो ‘इंडियाज गॉट लेटेंट 2’ के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट नजर आई थीं। वहीं दूसरे एपिसोड में भी किसी नामी सेलेब्स के आने की उम्मीद है। इसी बीच कॉमेडियन सुनील पाल ने खुलासा किया है कि उन्हें शो में आने के लिए 25 लाख रुपये ऑफर हुए। क्या इसके बाद वह समय रैना के शो का हिस्सा बनेंगे। यहां जानिए। गुरुवार रात कॉमेडियन सुनील पाल एक इवेंट में शामिल हुए। इस इवेंट से उनका एक वीडियो वायरल है, जिसमें वह कहते हैं ‘समय रैना ने मुझे बात की थी, 25 लाख देने की बात भी कही थी लेकिन मैंने कहा कि मैं गाली नहीं दूंगा। इस पर वह बोला कि सर आप गाली मत देना।’ इतना कहने के बाद भी सुनील पाल ने साफ-साफ नहीं बताया कि क्या वह ‘इंडिया गॉट लेटेंट 2’ में जाएंगे या नहीं।



सुनील पाल आगे कहते हैं, ‘समय रैना के मिलियन में फॉलोअर्स हैं लेकिन वह सिर्फ मुझे इंस्टाग्राम पर फॉलो करता है। अब वो मुझे फॉलो कर रहा है तो अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाएगा।’ समय रैना का शो की बात करें तो यह नेटफ्लिक्स और यूट्यूब दोनों प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होता है। जहां नेटफ्लिक्स पर आने वाला शो बिना विज्ञापनों के रहता है, वहीं यूट्यूब वाले वर्जन में बीच-बीच में विज्ञापन आते हैं। हाल ही में एक इवेंट के दौरान जब मीडिया ने सुनील पाल से पूछा कि क्या वह समय रैना के इस चर्चित शो का हिस्सा बनेंगे, तो उन्होंने हैरान करने वाला खुलासा किया।

# सिनेमाघरों में मनेगा त्योहार 'टॉक्सिक' से लेकर 'किंग' तक हर महीने होगा मनोरंजन आने वाली हैं ये बड़ी फिल्में




Bollywood Upcoming Release: साल 2026 में जुलाई से दिसंबर तक कई बड़े बजट की फिल्में आ रही हैं। आलिया भट्ट की 'अल्फा' से लेकर यश की 'टॉक्सिक' तक सिनेमाघरों में कई फिल्मों का जलवा दिखाई देगा। जानिए इन फिल्मों के बारे में साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर फिल्में तो कई रिलीज हुईं पर अब तक सिर्फ एक ही पांच सौ और हजार करोड़ी फिल्म (धुरंधर 2) बनी है। शुरुआती छमाही में कई बड़े-छोटे बजट की फिल्में रिलीज हुईं जिन्होंने करोड़ों का करोबार किया। मगर यह सिर्फ ट्रेलर था। असली फिल्म तो अब शुरू होगी। जुलाई से लेकर दिसंबर 2026 यानी साल की अगली छमाही में सिनेमाघरों में कई बड़े बजट और बड़े सुपरस्टार्स की फिल्में रिलीज होंगी। इनमें से तीन फिल्मों से तो बॉक्स ऑफिस पर हजार करोड़ का आंकड़ा पार करने की पूरी-पूरी उम्मीद भी है। जानिए इन अपकमिंग बिग बजट फिल्मों के बारे में...

2026 के जुलाई महीने में दो बहुप्रतिक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। पहली यशराज स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'अल्फा' जिसमें कमाल की एक्शन थ्रिलर हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ है 'धमाल -4' जिसमें कॉमेडी देखने मिलेगी। फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई, 2026 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में शरवरी वाघ, आलिया भट्ट, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इतना ही नहीं फिल्म 'अल्फा' में ऋतिक रोशन कैमियो रोल भी है। जिसे ट्रेलर में मेकर्स ने सरप्राइज के रुप में दर्शकों को दिखाया था। फिल्म का निर्देशन शिव रावेल ने किया है। फिल्म 'धमाल 4' 10 जुलाई 2026 को रिलीज होने वाली है। पिछली धमाल फेंचाइजी की तरह ही इस बार भी फिल्म के कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का लगाने की उम्मीद है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अरशद वारसी समेत कई बड़े स्टार्स हैं। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है फिल्म 'प्रहार' 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में 26/11 के आतंकी हमलों और 1993 के मुंबई बम धमाकों जैसे संवेदनशील मुद्दे पर निकम की कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है।फिल्म की स्टार कास्ट में राजकुमार राव, वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत शामिल हैं। फिल्म 'आवारापन-2' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2007 में आई कल्ट क्लासिक फिल्म 'आवारापन' का सीक्वल है।

# Kriti Sanon: ब्रेकअप की खबरों के बीच रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिखीं कृति सेनन डिनर डेट का वीडियो वायरल



Kriti Sanon And Kabir Bahia At Dinner Date: कृति सेनन का नाम लंबे वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया से जोड़ा जा रहा था। पिछले दिनों इनके ब्रेकअप की अफवाहें भी उड़ी थीं। इन्हीं अटकलों के बीच शुक्रवार देर रात दोनों को साथ देखा गया। क्या इनका पैचअप हो गया है? या फिर बात कुछ और है। बीते दिनों कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ देखा गया था। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायल हुईं। इसके बाद से ही कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। फिर कृति से अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी दिखे। यह सब होने के बाद अब दोनों को डिनर डेट पर साथ देखा गया है। मुंबई के बांद्रा में यह कपल डिनर डेट पर शुक्रवार देर रात दिखाई दिया। पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियो में दोनों मुस्कुरा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई।

# तमन्ना भाटिया के साथ ब्लैकपिंक की लीजा को देखकर चौंके फैंस सिंगर के अंदाज ने जीता दिल देखें वायरल वीडियो



Tamanna Bhatia with Lisa: तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज दिए हैं। लीजा के साथ उनका लीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। कई यूजर्स ने वीडियो पर कमेंट किया है। तमन्ना भाटिया अपने शानदार अभिनय और डांस के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वह बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं। यहां वह मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आईं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि तमन्ना भाटिया ने सिंगर लीजा के साथ पोज दिया है। तमन्ना ने हाई स्लिट ब्लैक गाउन पहना है। वहीं सिंगर लीजा ने शानदार सफेद ड्रेस पहनी है। दोनों पोज देते हुए काफी खुश हैं। लीजा ने तमन्ना के साथ बातचीत के दौरान हाथ जोड़कर नमस्ते किया है। वायरल वीडियो पर कई फैंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कयास लगाया है कि तमन्ना और लीजा एक साथ कुछ नया कर सकती हैं। ऐसे में उसने लिखा 'कुछ खास पक रहा है।' एक और यूजर ने लिखा 'लीजा भारतीय लड़की की तरह लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'लीजा ग्लोबल आइकन हैं। इसके बावजूद वह बहुत विनम्र हैं। उन्होंने तमन्ना को नमस्ते किया है।' वहीं कुछ यूजर्स ने तमन्ना भाटिया की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा 'तमन्ना भाटिया अच्छी लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'तमन्ना भाटिया लीजा से ज्यादा अच्छी लग रही हैं।'

## कभी लापरवाही, कभी हिंसा के कारण विवादों में रहे डे-केयर का बाजार

# कितना बड़ा; कैसे हुआ इसका विस्तार?

### डे-केयर में स्टाफ के लिए क्या नियम?

- 20-25 बच्चों पर कम से कम एक सुपरवाइजर और एक हेल्पर होना जरूरी।
- सुपरवाइजर कम से कम 12वीं पास और हेल्पर 10वीं पास होना
- स्टाफ के पास कम से कम दो साल का अनुभव होना बेहतर माना गया है।
- नियुक्ति से पहले पुलिस वेरिफिकेशन, चरित्र प्रमाण पत्र और मेडिकल सर्टिफिकेट जरूरी।
- बच्चों की देखभाल के लिए महिला स्टाफ को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई है।



देश में कामकाजी अभिभावकों की संख्या बढ़ने के साथ डे-केयर और क्रेच की जरूरत भी तेजी से बढ़ी है। खासकर शहरों में जहां ज्यादातर एकल परिवार होते हैं और माता-पिता दोनों नौकरी करते हैं, वहां छोटे बच्चों की देखभाल के लिए डे-केयर सेंटर एक जरूरत बन चुके हैं। ये डे केयर सेंटर कई बार गंभीर अनियमितताओं की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में बंगलूरू में सामने आया है, जिसने एक बार फिर इन केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि डे-केयर को लेकर किस तरह के मामले सामने आ रहे हैं? डे केयर को लेकर सरकारी दिशानिर्देश क्या हैं? क्रेच खोलने से पहले किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है? डे-केयर में स्टाफ की नियुक्ति के क्या नियम हैं? सुरक्षा के लिए क्या-क्या नियम तय किए गए हैं? देश में डे-केयर बाजार कितनी तेजी से और क्यों बढ़ रहा है? आइए विस्तार से जानते हैं। हाल की घटनाएं यह दिखाती हैं कि देश में डे-केयर सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। लेकिन इसके साथ सुरक्षा, प्रशिक्षित स्टाफ, प्रभावी निगरानी और तय मानकों का पालन सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि माता-पिता अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल में छोड़ सकें।

हाल ही में बंगलूरू के ब्रुकफील्ड स्थित कैपजेमिनी परिसर के 'लिटिल बड्स डे-केयर' में दो-तीन साल के बच्चों के साथ क्रूरता का मामला सामने आया। आरोप है कि डे-केयर की महिला कर्मचारियों ने रोते हुए बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन में डाल दिया, उन्हें बाथरूम में बंद किया, वेस्टर्न टॉयलेट पर बैठाया और टॉयलेट के जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी डाला। बच्चों को चुप रहने के लिए धमकाया भी गया। वीडियो सामने आने के बाद पांच महिला कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।इससे पहले महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में 23 महीने के एक बच्चे को कथित तौर पर दूसरे बच्चे ने 25 बार काट लिया। आरोप है कि उस समय कमरे में कोई देखभाल करने वाला मौजूद नहीं था। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद मामले को दबाने की कोशिश की गई।पिछले साल नोएडा के सेक्टर-137 स्थित एक रिहायशी सोसायटी के डे-केयर में भी 15 महीने की बच्ची के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। बच्ची के शरीर पर काटने के निशान मिले थे। बाद में सीसीटीवी फुटेज में कर्मचारी बच्ची को थप्पड़ मारते और जमीन पर गिराते हुए दिखाई दी थी। महिला व बाल विकास मंत्रालय ने श्रम मंत्रालय के साथ मिलकर वर्ष 2024 में भारत में क्रेच स्थापित करने और उनके संचालन के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम मानक और प्रोटोकॉल जारी किए थे। इन दिशा निर्देशों का उद्देश्य देशभर में बच्चों की देखभाल की सेवाओं को संस्थागत रूप देना और कामकाजी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसमें क्रेच और डे-केयर को परिभाषित भी किया गया है। दिशा निर्देशों के अनुसार, क्रेच ऐसा देखभाल केंद्र है जहां माता-पिता या अभिभावकों के काम पर रहने के दौरान बच्चों को सुरक्षित और पोषणयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। यहां बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है।

# Gold Silver Price: सोने में ₹3000 की तेजी

## भाव ₹1.47 लाख प्रति 10 ग्राम के पार; जानें चांदी का क्या हाल



क्या सोने और चांदी की कीमतों में फिर आ गई है तेजी? दिल्ली में सोना ₹3,000 चढ़कर ₹1,47,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और फेडरल रिजर्व के रुख के बीच समझें सर्राफा बाजार की नई चाल और पढ़ें पूरी रिपोर्ट।दिल्ली के सर्राफा बाजार में दो दिनों की गिरावट पर ब्रेक लगाते हुए पीली धातु ने एक बार फिर जोरदार वापसी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में ₹3,000 की भारी तेजी दर्ज की गई, जिसके बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव ₹1,47,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख और अमेरिकी डॉलर में आई कमजोरी ने घरेलू सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की मांग को दोबारा हवा दे दी है। इस तेजी से शादी-ब्याह के सीजन में खरीदारी करने वालों की जेब पर असर पड़ना तय है।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का भाव 1 प्रतिशत यानी 38.75 डॉलर की तेजी के साथ 4,070.04 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी का भाव भी 1.3 प्रतिशत बढ़कर 59.89 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किया गया। बाजार के जानकारों के मुताबिक, इस तेजी के पीछे कमजोर डॉलर सूचकांक एक बड़ा कारक रहा है। दरअसल, बैंक ऑफ जापान द्वारा जापानी येन को मजबूत करने के लिए किए गए हस्तक्षेप की रिपोर्ट के बाद अमेरिकी डॉलर में नरमी देखी गई।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, बुधवार को सोने का बंद भाव 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिसमें 3,000 रुपये (करों सहित) की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त बनाए रखते हुए चांदी का भाव 5,000 रुपये उछलकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (करों सहित) पर बंद हुआ। इससे पिछले सत्र में चांदी ₹2,35,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि सोने की मांग जहां अंतरराष्ट्रीय रैली के बाद सुधरी है, वहीं औद्योगिक और निवेश मांग के कारण चांदी लगातार मजबूत हो रही है।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमल गांधी के अनुसार, "अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श का नरम रुख इस तेजी की बड़ी वजह रहा। उन्होंने बाजार की उम्मीदों से कम सख्त (लेस हॉकिश) रुख अपनाया, जिससे ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी की चिंताएं कम हो गईं और सोने की कीमतें ऊपर चली गईं"। इसके अलावा, कतर के दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ता में हुई प्रगति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए बयान ने भी बाजार की धारणा पर सकारात्मक असर डाला है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एनालिस्ट मानव मोदी का कहना है कि निवेशक अब अमेरिका के नॉन-फार्म पेरोल आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

# India Britain Trade: भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में 'रूल्स ऑफ ओरिजिन' लागू, जानिए क्या है फायदा




भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (CETA) के तहत वित्त मंत्रालय ने 'रूल्स ऑफ ओरिजिन' के सख्त नियम अधिसूचित किए हैं। जानिए 15 जुलाई से कैसे रुकेगी तीसरे देशों की हेराफेरी और कपड़ा, रत्न व ऑटो सेक्टर्स को मिलेगा ड्यूटी-फ्री फायदा। पूरी रिपोर्ट पढ़ें। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते (सीईटीए) को अमली जामा पहनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। वित्त मंत्रालय ने इस समझौते के तहत आयात-निर्यात सामानों की पहचान के लिए 'रूल्स ऑफ ओरिजिन' (उत्पत्ति के नियम) अधिसूचित किए हैं, जो 15 जुलाई 2026 से प्रभावी होंगे। इसके बाद कोई तीसरा देश भारत-ब्रिटेन व्यापार रियायतों का गलत फायदा नहीं उठा सकेगा। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि पूरा मामला क्या है और इसके क्या मायने हैं । 'रूल्स ऑफ ओरिजिन' वह कानूनी पैमाना है जो तय करता है कि कोई उत्पाद वास्तव में किस देश में बना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अधिसूचना के अनुसार, समझौते के तहत टैक्स छूट का लाभ पाने के लिए 'सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन' अनिवार्य होगा। इसे दोनों देशों की अधिकृत एजेंसियां ही जारी कर सकेंगी। यह ढांचा सुनिश्चित करेगा कि तीसरे देशों के उत्पाद गलत तरीके से रियायती शुल्कों का लाभ न उठाएं और द्विपक्षीय व्यापार की ईमानदारी बनी रहे।

यह ऐतिहासिक समझौता (सीईटीए) ब्रिटेन को होने वाले भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर पूरी तरह से शुल्क-मुक्त (ड्यूटी-फ्री) पहुंच सुनिश्चित करता है। टैक्स की इस बचत से भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों को भारी बढ़ावा मिलेगा। इनमें प्रमुख रूप से कपड़ा (टेक्सटाइल), समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते-चप्पल, खेल के सामान, खिलौने और रत्न एवं आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा ऑटो पार्ट्स, इंजीनियरिंग सामान और ऑर्गेनिक केमिकल्स जैसे तेजी से बढ़ रहे क्षेत्रों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह व्यापार 23.13 बिलियन डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 8.62 प्रतिशत बढ़कर 25.12 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। द्विपक्षीय व्यापार में भारत की स्थिति मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने ब्रिटेन को 13.44 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जबकि वहां से 11.68 बिलियन डॉलर का आयात हुआ। इस प्रकार भारत का ट्रेड सरप्लस (व्यापार अधिशेष) 1.76 बिलियन डॉलर रहा, जो नई व्यापार व्यवस्था में और बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नियमों की यह रूपरेखा समझौते को पारदर्शी और प्रभावी बनाएगी। हालांकि, यह भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ी जिम्मेदारी भी लाती है।

## अमेरिका से समझौते के बाद भी ईरान का कड़ा रुख,

# जानिए क्यों तेल टैंकरों को लेना पड़ रहा यू-टर्न




होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी समझौते के बावजूद तनाव बढ़ा। कम से कम आठ तेल टैंकरों और मालवाहक जहाजों ने लिए यू-टर्न। जानिए वैश्विक तेल आपूर्ति पर इसका क्या होगा असर। पूरी रिपोर्ट पढ़ें। फारस की खाड़ी में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच जलमार्ग खोलने के समझौते के महज कुछ ही हफ्तों बाद, होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों को अचानक अपना रास्ता बदलने और यू-टर्न लेने पर मजबूर होना पड़ा है। ओमान के तट के पास कम से कम आठ जहाजों की ओर से अचानक रास्ता बदलने की इस घटना ने वैश्विक तेल बाजारों और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। फारस की खाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे कम से कम आठ जहाजों को ओमान के तट के पास अचानक अपना रास्ता बदलना पड़ा है। ब्लूमबर्ग ने शिप-ट्रैकिंग डेटा का हवाला देकर बताया है कि शुक्रवार और शनिवार के बीच इन जहाजों ने तेजी से यू-टर्न लिया।

हैरानी की बात यह है कि जून के मध्य में ही अमेरिका और ईरान के बीच इस जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत अमेरिकी सेना ओमान के तट के पास जहाजों को सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कराने में मदद कर रही है। इसके बावजूद, ईरान लगातार इस रणनीतिक जलमार्ग पर अपना पूर्ण नियंत्रण होने का दावा कर रहा है। पिछले कुछ महीनों के दौरान फारस की खाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश करने वाले जहाजों ने रेडियो संचार पर ईरानी बलों से चेतावनियां मिलने के बारे में बताया है। ईरानी बलों की ओर से जहाजों को रेडियो पर स्पष्ट रूप से कहा गया कि उन्हें खाड़ी पार करने के लिए तेहरान (ईरान) से अनुमति लेनी होगी। इतना ही नहीं, जिन जहाजों ने बिना अनुमति के आगे बढ़ने की कोशिश की, उन पर हमले भी किए गए, जिससे जहाजों के सुरक्षित आवागमन को लेकर चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। ईरान का कहना है कि सभी जहाजों को केवल उसी मार्ग से गुजरना चाहिए जो उसके की ओर से अधिकृत या घोषित किया गया है। डेटा से पता चलता है कि जब ओमान के रास्ते सुरक्षित मार्ग पर संकट बढ़ा, तो जहाजों को ईरान की ओर से तय किए गए नियमों के आगे झुकना पड़ा। डेटा से पता चलता है कि जब ओमान के रास्ते सुरक्षित मार्ग पर संकट बढ़ा, तो जहाजों को ईरान की ओर से तय किए गए नियमों के आगे झुकना पड़ा। इससे साफ होता है कि सुरक्षा खतरों से बचने के लिए अब जहाजों को मजबूरन उस रास्ते पर जाना पड़ रहा है।

## Adani Case: अमेरिकी न्याय विभाग ने अदाणी मामले को 'दोषपूर्ण' बताया

# स्थायी रूप से आरोप हटाने का आग्रह




अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य सात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले को स्थायी रूप से समाप्त करने का अनुरोध किया है। विभाग ने अपने विस्तृत हलफनामे में कहा है कि यह मामला 'एक वर्ष पहले ही समाप्त कर दिया जाना चाहिए था या फिर इसे कभी दर्ज ही नहीं किया जाना चाहिए था।'

न्याय विभाग के अनुसार इस मामले के अधिकांश कथित घटनाक्रम भारत में हुए, भारतीय कंपनियों और भारतीय अधिकारियों से जुड़े थे तथा इसकी जांच भारतीय एजेंसियों ने भी की थी। विभाग का कहना है कि ऐसे मामलों में भारत की न्याय व्यवस्था अधिक उपयुक्त है और अमेरिका को 'दुनिया का पुलिसकर्मी' बनने की आवश्यकता नहीं है। विभाग ने 2024 में जो बाइडन प्रशासन के तहत अदाणी और अन्य पर आरोप लगाए थे। उन पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने की योजना में शामिल होने का आरोप था। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अमेरिकी निवेशकों से कम से कम 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए थे। न्याय विभाग ने कहा कि अभियोजकों को मामले छोड़ने के निर्णयों को सार्वजनिक रूप से उचित ठहराने की आवश्यकता भविष्य में ऐसी बर्खास्तगियों को हतोत्साहित करेगी। यह आंतरिक विचार-विमर्श को उजागर करेगा और कार्यकारी शाखा के सांविधानिक अधिकार का उल्लंघन करेगा। उप अटॉर्नी जनरल आर ट्रेंट मैककॉटटर ने लिखा कि बर्खास्तगी की न्यायिक जांच से आंतरिक बहसें उजागर होंगी।

उन्होंने कहा कि ऐसी मांग प्रतिवादियों को नुकसान पहुंचाती है। यह विभाग को आपराधिक आरोपों को खारिज करने से रोक सकती है जिन्हें वह न्याय के हित में नहीं मानता। मैककॉटटर ने केवल इस मामले के लिए विशेषाधिकार माफ करते हुए कहा कि उन्होंने आरोपों को खारिज करने का निर्णय लिया। यह निर्णय रक्षा वकीलों के साथ महीनों की बैठकों, प्रस्तुतीकरण की समीक्षा और अपने कानूनी विश्लेषण के बाद लिया गया। उन्होंने लिखा, 'बर्खास्तगी मांगने का निर्णय कोई कठिन नहीं था'। विभाग ने सभी आरोपों को छोड़ने के छह मुख्य कारण बताए। पहला कारण यह था कि कथित आचरण मुख्य रूप से भारत में केंद्रित था। भारतीय अधिकारियों ने आरोपों की जांच की और कोई कदाचार नहीं पाया। निवेशकों को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई थी। मुख्य सबूत और गवाह विदेश में स्थित थे। प्रतिवादियों के अमेरिकी अदालत में पेश होने की संभावना नहीं थी। अभियोजन को साक्ष्य संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ा। मैककॉटटर ने लिखा, 'यह एक विदेशी मामला है'। उन्होंने कहा कि आरोपपत्र 'कई भारतीयों के बारे में है'। ये भारतीय सरकार को जटिल भारतीय छूट कार्यक्रमों के माध्यम से भुगतान करके रिश्वत देने की कोशिश कर रहे थे। विभाग ने यह भी कहा कि विदेशी भ्रष्टाचार व्यवहार अधिनियम के आरोप अब उप अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच के जून 2025 के ज्ञापन के साथ संरेखित नहीं थे। यह ज्ञापन अभियोजकों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों, गंभीर कदाचार या अमेरिकी कंपनियों को हानि से जुड़े मामलों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश देता है।

# Reliance Capital: रिलायंस कैपिटल के पूर्व सीएफओ अमित बापना को सीबीआई ने किया गिरफ्तार, जानिए पूरा मामला




केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अमित बापना को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अनिल अंबानी से संबंधित रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों की चल रही जांच के संबंध में की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी रिलायंस एडीए समूह के खिलाफ चल रही जांच का हिस्सा है। अमित बापना रिलायंस कैपिटल लिमिटेड में मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनकी गिरफ्तारी रिलायंस एडीए समूह से संबंधित विभिन्न मामलों की गहन जांच का एक महत्वपूर्ण कदम है। सीबीआई इन मामलों की जांच काफी समय से कर रही है। जांच का उद्देश्य समूह से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं और अन्य आरोपों का पता लगाना है। इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। बापना को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने इस संबंध में अभी तक कोई विस्तृत बयान जारी नहीं किया है। रिलायंस एडीए समूह से जुड़े कई मामले केंद्रीय जांच ब्यूरो की निगरानी में हैं। इन मामलों में वित्तीय लेनदेन और अन्य कथित अनियमितताओं की जांच की जा रही है। अमित बापना की गिरफ्तारी इस व्यापक जांच का एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सीबीआई ने पहले भी इस समूह से जुड़े कुछ अधिकारियों और संस्थाओं से पूछताछ की है। जांच एजेंसी का लक्ष्य इन मामलों की तह तक पहुंचने है।

# Aaj Ka Rashifal

## मेष सिंह और वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन लेकर आएगा खुशियां पढ़ें सभी राशियों का हाल

5 July Ka Rashifal: मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर समेत सभी 12 राशियों के लिए करियर, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणी पढ़ें।

Aaj Ka Rashifal 5 July: 5 जुलाई का दिन कुछ राशि वालों के लिए धन लाभ, करियर में नई उपलब्धियां और रिश्तों में खुशियां लेकर आएगा, जबकि कुछ लोगों को स्वास्थ्य और परिवार से जुड़े मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। यदि कोई सरकारी कार्य लंबे समय से अटका हुआ था, तो आज उसके पूरे होने की खुशखबरी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी की बात मन को थोड़ी खटक सकती है




### मेष



आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारियों और उपलब्धियों का अनोखा मिश्रण लेकर आया है। कामकाज का दबाव थोड़ा अधिक रह सकता है और कुछ लोग आपकी प्रगति से असहज होकर राह में रुकावटें खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य हर चुनौती पर भारी पड़ेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा और किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक संतोष मिलेगा। यदि आप अपने दिन की सही योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे, तो बड़े से बड़ा काम भी आसानी से पूरा हो जाएगा।

### वृषभ



आज खुशियां आपके आंगन में दस्तक दे सकती हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की खबर पूरे घर का माहौल उल्लास से भर सकती है। अतीत की कोई गलती आज आपको एक बड़ी सीख देकर जाएगी, जो भविष्य में आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगी। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी और लोग आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी रखें और किसी दूसरे का वाहन चलाने से बचें। जीवनशैली में कुछ सकारात्मक बदलाव भी आपको मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर महसूस कराएंगे।

### मिथुन



आज खुशियां आपके आंगन में दस्तक दे सकती हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की खबर पूरे घर का माहौल उल्लास से भर सकती है। अतीत की कोई गलती आज आपको एक बड़ी सीख देकर जाएगी, जो भविष्य में आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगी। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी और लोग आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी रखें और किसी दूसरे का वाहन चलाने से बचें। जीवनशैली में कुछ सकारात्मक बदलाव भी आपको मानसिक और शारीरिक रूप से बेहतर महसूस कराएंगे।

### कर्क



आज आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में चार चांद लग सकते हैं। लोग आपकी बातों और कार्यों को गंभीरता से सुनेंगे। हालांकि साझेदारी में कोई नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय अभी अनुकूल नहीं कहा जा सकता। सरकारी योजनाओं या सुरक्षित निवेश से जुड़े मामलों में आपको लाभ मिल सकता है। धन उधार देने के मामलों में सतर्क रहें, क्योंकि फिलहाल उसकी वापसी के संकेत कमजोर दिखाई दे रहे हैं। पिताजी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें।

### सिंह



आज का दिन मित्रों की महफिल, स्वादिष्ट भोजन और यादगार पलों से भरा रह सकता है। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कोई उलझन सुलझने से राहत मिलेगी। मित्रों का सहयोग हर कदम पर आपके साथ रहेगा और परिवार के साथ किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर भी मिल सकता है। हालांकि अपनी इच्छाओं और जरूरतों को पूरा करने के लिए आपको अच्छा-खासा खर्च करना पड़ सकता है। धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ेंगे तो दिन आपके लिए सुखद अनुभवों से भरा रहेगा।

### कन्या



आज किस्मत आपके पक्ष में खड़ी नजर आ रही है। लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होती दिखाई देंगी और अचानक धन लाभ या कोई शुभ समाचार भी मिल सकता है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें, क्योंकि यही आपकी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी होगी। संतान किसी नए कोर्स या नई शिक्षा यात्रा की शुरुआत कर सकती है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा। माता-पिता की सेवा करने का अवसर मिलेगा और उनका आशीर्वाद आपके जीवन में नई सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा।

### तुला



आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत महसूस होगी। भविष्य को लेकर बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अच्छा समय है। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। मौसम का प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, इसलिए सावधानी बरतें। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। परिवार में विवाह से जुड़ी कोई शुभ चर्चा आगे बढ़ सकती है, जिससे घर का माहौल उत्साह और खुशी से भर जाएगा।

### वृश्चिक



आज स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता होगी। खानपान और दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान मिल सकता है, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। किसी भरोसेमंद व्यक्ति की सलाह आपके लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकती है। परिवार के साथ मनोरंजन और हंसी-मजाक के पल बिताने का अवसर मिलेगा। हालांकि किसी छोटी बात को लेकर हल्की बहस भी हो सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

### धनु



आज आर्थिक लेन-देन के मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन जोखिम भरे फैसलों से दूरी बनाकर रखें। यदि परिस्थितियां आपके अनुसार न भी हों, तब भी धैर्य बनाए रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। यात्रा के दौरान कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए सफलता का मार्ग खोल दे।

### मकर



आज परिवार में खुशियों की फुहार पड़ सकती है। किसी पुराने मित्र से वर्षों बाद मुलाकात आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने के संकेत भी मिल रहे हैं। विद्यार्थी पूरी लगन से पढ़ाई करेंगे और उसके अच्छे परिणाम भी प्राप्त कर सकते हैं। किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। विदेश में शिक्षा प्राप्त करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों को भी शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

### कुंभ



आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। दिखावे और अनावश्यक खर्चों से दूरी बनाना आपके लिए लाभदायक रहेगा। संतान के भविष्य को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। ससुराल पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलने के संकेत हैं। परिवार के भीतर चल रही किसी समस्या का समाधान बातचीत और समझदारी से निकल सकता है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई चर्चा या विवाद सामने आ सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। मित्रों के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक सुकून देगा।

### मीन



आज का दिन आपके लिए कई खुशखबरियां लेकर आ सकता है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा और घर का वातावरण भी आनंदमय रहेगा। किसी कानूनी मामले में सफलता मिलने के संकेत हैं, जिससे बड़ी राहत महसूस होगी। किसी नए कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और आप उसे लेकर उत्साहित नजर आएंगे। धन संबंधी समस्याओं में सुधार आएगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होती दिखाई देगी। माता-पिता का आशीर्वाद और भाई-बहनों का सहयोग आपके अधूरे कार्यों को पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# Aaj Ka Love Rashifal


## इन 3 राशि वालों की लव लाइफ में बढ़ेगा प्रेम कर सकते हैं इजहार




Today Love Horoscope 5 July 2026: जानें आज आपकी राशि के अनुसार प्रेम जीवन, रिश्तों और कपल्स के लिए क्या कहते हैं सितारे।

5 July Love Rashifal: 5 जुलाई का दिन प्रेम जीवन के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। कुछ लोगों के रिश्तों में प्यार, रोमांस और नई खुशियों की दस्तक होगी, वहीं कुछ जातकों को अपने संबंधों में धैर्य, समझदारी और भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता पड़ सकती है। आइए जानते हैं सभी राशियों का आज का लव राशिफल।

## नौकरी-निवेश को लेकर इन मूलांक वालों की बढ़ेगी परेशानियां पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष




Today Numerology Prediction 5 July: अपने मूलांक से जानें कैसा रहेगा दिन ? और क्या कहता है आपका करियर-व्यापार आज आप शेयर बाजार या किसी नई योजना में निवेश करने का विचार बना सकते हैं। शिक्षकों के लिए दिन खास उपलब्धियां लेकर आ सकता है। इसके अलावा नए दोस्तों की संगति आपको अच्छी लगेगी और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना रहेगा।

## इस मूलांक के लोग अक्सर होते हैं हर किसी के क्रश शादी के बाद भी रहते हैं आकर्षक



Magnetic Personality Numerology Mulank: अंक ज्योतिष के अनुसार, कुछ खास जन्म तिथियां व्यक्ति को ऐसी 'मैग्नेटिक पर्सनैलिटी' देती हैं, जो उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाती है। आइए जानते हैं कि किस मूलांकि के लोग ज्यादातर लोगों के क्रश होते हैं।

Most Attractive Mulank: कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनकी आकर्षण क्षमता समय के साथ और निखरती चली जाती है। उम्र बढ़ने या शादी के बाद भी उनका चार्म कम नहीं होता, बल्कि लोग उनकी पर्सनैलिटी से और ज्यादा प्रभावित होने लगते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार, कुछ खास जन्म तिथियां व्यक्ति को ऐसी 'मैग्नेटिक पर्सनैलिटी' देती हैं जो उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाती है। उनका आत्मविश्वास, बोलने का अंदाज और स्टाइल ऐसा होता है

## इस सप्ताह इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत सफलता और खुशियों का मिलेगा बड़ा तोहफा

Weekly Horoscope 05 to 11 July 2026: जुलाई 2026 का नया सप्ताह 05 जुलाई से 11 जुलाई तक कई राशियों के लिए खास बदलाव लेकर आ सकता है।

Weekly Horoscope 05 to 11 July 2026: 05 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक का यह सप्ताह ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान ग्रह-नक्षत्रों की बदलती चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। ज्योतिषियों के अनुसार, इस सप्ताह कुछ राशियों के लिए भाग्योदय, आर्थिक लाभ, करियर में सफलता और रुके हुए कार्यों में प्रगति के मजबूत योग बन रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, कुछ राशि के जातकों को स्वास्थ्य, संबंधों, खर्चों और कार्यक्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यह सप्ताह कई लोगों के लिए नई खुशियां लेकर आएगा, तो कुछ को संभलकर आगे बढ़ने की जरूरत रहेगी।

# Vaibhav Sooryavanshi: सूर्यवंशी ने इंटरनेशनल डेब्यू पर बनाया कौन सा अनचाहा रिकॉर्ड? ऐसा करने वाले पहले भारतीय




भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। 15 वर्षीय बल्लेबाज भारत के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने, लेकिन उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। सूर्यवंशी टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू मैच में स्टंप आउट होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। वैभव सूर्यवंशी का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था और आखिरकार उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में मौका मिला। 15 साल की उम्र में डेब्यू करते हुए उन्होंने भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया और देश के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए। हालांकि, उन्होंने 14 रन की पारी के दौरान एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड भी बनाया,

जिसने सबका ध्यान खींचा। क्रिकेट जगत की नजरें इस युवा खिलाड़ी पर थीं, जिन्होंने घरेलू और जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। हालांकि डेब्यू मैच में सूर्यवंशी ने एक ऐसा रिकॉर्ड भी बना दिया, जिसे कोई बल्लेबाज अपने नाम नहीं करना चाहेगा। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू मैच के दौरान स्टंप आउट होने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। अपनी छोटी लेकिन प्रभावशाली पारी में उन्होंने दो शानदार छक्के लगाए। इसके बाद उन्होंने ऑफ स्पिनर विल जैक्स के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और क्रीज से बाहर निकलकर बल्लेबाजी की। हालांकि वह गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया।



हालांकि डेब्यू मैच में सूर्यवंशी ने एक ऐसा रिकॉर्ड भी बना दिया, जिसे कोई बल्लेबाज अपने नाम नहीं करना चाहेगा। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू मैच के दौरान स्टंप आउट होने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। अपनी छोटी लेकिन प्रभावशाली पारी में उन्होंने दो शानदार छक्के लगाए। इसके बाद उन्होंने ऑफ स्पिनर विल जैक्स के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और क्रीज से बाहर निकलकर बल्लेबाजी की। हालांकि वह गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया। मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190/7 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने उपयोगी पारियां खेलीं। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। अर्शदीप सिंह ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट किया और फिर जोस बटलर को भी बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। हालांकि इसके बाद हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। बेथेल ने 46 गेंदों में 76 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे। उनकी मैच जिताऊ पारी की बदौलत इंग्लैंड ने छह गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर ली। हालांकि वैभव सूर्यवंशी का अंतरराष्ट्रीय करियर उम्मीद के मुताबिक शुरुआत नहीं कर सका, लेकिन 15 साल की उम्र में बड़े मंच पर उतरना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उनकी छोटी पारी में दिखे आत्मविश्वास और आक्रामकता ने संकेत दिया कि भारतीय क्रिकेट को भविष्य का एक बड़ा सितारा मिल सकता है।

## IND vs ENG T20 Weather: भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टी-20 मुकाबले में बारिश बिगाड़ेगी खेल? जानिए मौसम का हाल

India vs England 2nd T20 Stretford Weather Pitch Report: भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी20 मैनचेस्टर में शनिवार को खेला जाएगा। पहले मैच में बारिश ने खेल बिगाड़ दिया था और दूसरी पारी शुरू होने से पहले ही मुकाबला रद्द करना पड़ा था। ऐसे में अब सभी की नजरें मौसम पर टिकी हैं कि क्या इस बार पूरा मैच खेला जा सकेगा।



भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाना है। डरहम में सीरीज का पहला मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया था, जहां दूसरी पारी शुरू होने से ठीक पहले बारिश ने खेल का मजा किरकिरा कर दिया था। उस मैच में मेहमान टीम (भारत) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रन बनाए थे, लेकिन दुर्भाग्य से पूरे मैच में सिर्फ यही एक्शन देखने को मिल सका था। वर्तमान में यह सीरीज 0-0 की बराबरी पर है और ऐसे में यह दूसरा मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।इस बड़े मुकाबले से पहले एकमात्र चिंता यही है

## IND vs ENG: बारिश में धुला भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टी20 अभिषेक और श्रेयस ने लगाए अर्धशतक सैमसन फिर फ्लॉप



भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी20 मैच का मजा बारिश ने किरकिरा कर दिया। भारत की पारी पूरी हो गई थी और टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 190 रनों का लक्ष्य दिया था। लेकिन इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मैच बेनतीजा रहा। बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी और अंतत: मैच को रद्द करना पड़ा।

भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 189 रन बनाए। भारत की पारी जब खत्म होने वाली थी तभी बारिश शुरू हो गई थी, लेकिन इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले बारिश तेज हो गई जिससे मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और मैच का नतीजा नहीं निकल सका। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 चार जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा। भारत ने इस मैच में भी 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू करने का मौका नहीं दिया। आयरलैंड के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि वैभव को मौका मिलेगा, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कोर टीम पर भरोसा बरकरार रखा। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और सूर्यांश शेडगे को इस मैच में मौका नहीं मिला था। भारत ने इस मैच के लिए तीन स्पिनरों अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती को प्लेइंग-11 में शामिल किया था। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने दूसरे ओवर में ही संजू सैमसन और ईशान किशन के विकेट गंवा दिए।

## IND A vs SL A Test: यश-सारांश की शानदार गेंदबाजी पहले दिन कप्तान सहान की फिफ्टी श्रीलंका का स्कोर 288/5

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका ए ने कप्तान सहान अराच्चिगे (83*) की नाबाद पारी की बदौलत 85 ओवर में पांच विकेट पर 288 रन बनाए। भारत ए के लिए यश ठाकुर और सारांश जैन ने दो-दो विकेट लेकर मेजबान टीम को बड़े स्कोर से पहले रोकने की कोशिश की। भारत ए और श्रीलंका ए के बीच गाले में खेले जा रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ए ने 85 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 288 रन बना लिए। मेजबान टीम के कप्तान सहान अराच्चिगे 83 रन बनाकर नाबाद लौटे और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारत ए की ओर से यश ठाकुर और सारांश जैन ने दो-दो विकेट झटके, जबकि गुरनूर बराड़ को एक सफलता मिली।



भारत ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, शुरुआती 15 ओवर तक श्रीलंका ए के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। आखिरकार 16वें ओवर में यश ठाकुर ने सोहान डी लिवेरा (28) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद गुरनूर बराड़ ने पवन्था वीरसिंघे (39) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। दो शुरुआती विकेट गिरने के बाद श्रीलंका ए के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी संभाली। नुवानिंदु फर्नांडो ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि आशेन बंडारा ने 34 रन जोड़कर टीम को स्थिरता दी। इसके बाद अंजला बंडारा ने 42 रन की अहम पारी खेलते हुए कप्तान सहान अराच्चिगे के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे श्रीलंका ए मजबूत स्कोर की ओर बढ़ता गया। उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने तक 83 रन की नाबाद पारी खेली,

## Ben Stokes Retirement: क्या स्टोक्स पर बनाया गया था संन्यास का दबाव? पोस्ट कर बताई सच्चाई फैंस का जताया आभार

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान करने के बाद पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और प्रशंसकों का आभार जताया। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद प्रशंसकों और अपने साथियों के लिए एक भावुक विदाई संदेश साझा किया है। 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहते हुए स्टोक्स ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह उनका अपना था और अब वह मैदान के बाहर से इंग्लैंड टीम का समर्थन करेंगे। स्टोक्स ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान आधिकारिक बयान जारी कर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने की घोषणा की थी। संन्यास की घोषणा के कुछ ही समय बाद उन्होंने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी विकेट भी हासिल किया। यह मुकाबला उनके करियर का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ,




## Women's T20 World Cup Final

### 17 साल बाद इतिहास दोहराने उतरेगा इंग्लैंड सातवें खिताब पर ऑस्ट्रेलिया की नजर

England-W vs Australia-W T20 World Cup 2026 Final Playing 11 Prediction: महिला टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल आज लॉर्ड्स में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही हैं, ऐसे में 17 साल बाद खिताब जीतने की कोशिश कर रहे इंग्लैंड और सातवें खिताब की तलाश में ऑस्ट्रेलिया के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।



महिला टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल रविवार को क्रिकेट के ऐतिहासिक मैदान लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जहां मेजबान इंग्लैंड और छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया खिताबी जंग में आमने-सामने होंगी। पूरे टूर्नामेंट में दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं और शानदार प्रदर्शन के दम पर फाइनल में पहुंची हैं। ऐसे में क्रिकेट जगत को एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

इंग्लैंड की नजर 17 साल बाद दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने पर होगी। उसने 2009 में लॉर्ड्स में ही पहला महिला टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार यह खिताब जीतकर अपनी बादशाहत बरकरार रखना चाहेगा। इंग्लैंड के लिए लॉर्ड्स बेहद खास रहा है। 2009 में इसी मैदान पर चार्लोट एडवर्ड्स की कप्तानी में टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। इस बार उसी विजेता टीम की कप्तान चार्लोट एडवर्ड्स इंग्लैंड की मुख्य कोच हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की मौजूदा कोच शेली निट्शके 2009 में हारने वाली टीम का हिस्सा थीं। ऐसे में इंग्लैंड इतिहास दोहराने की उम्मीद लेकर मैदान पर उतरेगा। कप्तान नेट साइवर-ब्रंट ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 23/3 की मुश्किल स्थिति से टीम को बाहर निकाला। चोट से वापसी करने वाली साइवर-ब्रंट ने हीदर नाइट के साथ मैच जिताऊ साझेदारी की और बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। कप्तान के रूप में वह अपनी पहली टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतना चाहेंगी।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए ‘प्लैनेट न्यूज़ इंडिया’ प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













